year ended the 31st March, 1995. [Placed in Library. *See* No.LT-9177/96]

(iii) Report of the Comptroller and Auditor General of India for the year ended the 31st March, 1995 [No. 6 of 1996—Union Government (Scientific Departments), under clause 1 of article 151 of the Constitution. [Placed in Library. *See* No.LT.9362/96]

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की दिल्ली नगर निगम की अधिक्रमण अवधि को बढ़ाने सम्बन्धी अधिसूचना**

**श्री एस॰ एस॰ अहलुवालिया:** महोदया, मैं प्रो॰ एम॰ कामसन की ओर से दिल्ली नगर निगम अधिनियम, 1957 की धारा 490 की उपधारा (4) के अधीन 1-2-96 से प्रवृत्त अन्य छः माह की अतिरिक्त अवधि के लिए दिल्ली नगर निगम की अधिक्रमण अवधि बढ़ाने को प्रकाशित करने वाली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की अधिसूचना आदेश सं॰ यू॰-14011/160/89-दिल्ली, दिनांक 31 जनवरी, 1996 की एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) सभा पटल पर रखता हूं।

[पुस्तकालय में रखी गई है। देखिए संख्या एल टी-9158/96]

## REPORTS OF THE DEPARTMENT-RELATED PARLIAMENTARY STANDING COMMITTEE ON COMMERCE

SHRI INDER KUMAR GUJRAL (Bihar): Madam, I present a copy each of the following Reports (in English and Hindi) of the Department-related Parliamentary Standing Committee on Commerce:—

(i) Twenty-third Report on Rubber; and

(ii) Twenty-fourth Report on Marine Products.

## REPORTS OF THE STANDING COMMITTEE ON HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT

**श्री आई॰जी॰ सनदी (कर्नाटक):** महोदया , मैं मानव संसाधन विकास संबंधी स्थायी समिति के निम्नलिखित प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) प्रस्तुत करता हूं।

(1) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा विभाग की अनुदान मांगों (1995-96) के संबंध में बाईसवें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/समुक्तियों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में सैंतीसवें प्रतिवेदन।

(2) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, स्वास्थ्य विभाग की अनुदान मांगों (1995-96) के संबंध में उन्नीसवें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/समुक्तियों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में उड़तीसवां प्रतिवेदन।

(3) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, परिवार कल्याण विभाग की अनुदान मांगों (1995-96) के संबंध में बीसवें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट सिफारिशों/समुक्तियों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में उनतालीसवां प्रतिवेदन।

(4) मानव संसाधन विकास मंत्रालय, युवा कार्य और खेल विभाग की अनुदान मांगों (1995-96) के संबंध में सत्रहवें प्रतिवेदन में अन्तर्विष्ट .सिफारिशों/समुक्तों पर सरकार द्वारा की गई कार्यवाही के संबंध में चालीसवां प्रतिवेदन।

---

## रेल वैगन समिति का प्रतिवेदन

**श्री के॰ रहमान खान** (कर्नाटक): महोदया, मैं रेल वैगनों की खरीद के संबंध में रेल बैगन समिति का प्रतिवेदन (अंग्रेजी तथा हिन्दी में) प्रस्तुत करता हूं

**श्री मोहम्मद सलीम** (पश्चिमी बंगाल): रेलवे वैगन कमेटी के ऊपर जब आप रिपोर्ट रखने जा रहे है तो रेल मंत्री जी जरा ध्यान रखिए...**(व्यवधान)**

**उपसभापति:** नयी प्रथा मत डालिये। नयी प्रथाएं क्यों डाल रहे हैं। रिपोर्ट आ गयी है। रिपोर्ट हाउस के सामने है। जो भी होगा। जो और रिपोर्टों के साथ होगा वह इसमें भी हो जाएगा...**(व्यवधान)**